द्वारा ईमेल/फैक्स।

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश।

टावर 1/2, चतुर्थ तल, पुलिस मुख्यालय, शहीद पथ, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ-226002

**संख्या: पाँच-470(वरि0 अपूर्ण अभिलेख)2025** **दिनांक:** 02/2/2026

## आदेश

उत्तर प्रदेश उप निरीक्षक और निरीक्षक (नागरिक पुलिस) सेवा नियमावली, 2015 यथा संशोधित में निहित निर्देशों के अन्तर्गत प्राधिकृत बोर्ड (चयन समिति) द्वारा निम्नलिखित उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस को निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नति हेतु विचारोपरान्त पाया गया कि इन कार्मिकों के सेवाभिलेख अपूर्ण तथा वांछित सूचनायें उपलब्ध न होने के कारण उनकी उपयुक्तता के बारे में वस्तुनिष्ठ निर्णय नहीं लिया जा सका है। ऐसे कार्मिकों के लिये रिक्तियॉं सुरक्षित रखते हुये निर्णय स्थगित किया गया है तथा पूर्ण सेवाभिलेख/सूचनायें प्राप्त होने पर इन्हें आगामी विभागीय प्रोन्नति चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत कर उचित निर्णय कराया जाना अपेक्षित है, जिनका विवरण निम्नवत् है:-

| क्र0 सं0 | वरिष्ठता क्रमांक | पीएनओ | नाम | नियुक्ति जनपद | जन्म तिथि | चयन वर्ष | कारण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 125 | 872761476 | अजय कुमार सिंह | जौनपुर | 01.07.1985 | 2021 | वार्षिक मन्तव्य अपूर्ण होने के कारण |

2- उपरोक्त उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस के सम्बन्ध में पूर्ण सेवाभिलेख/सूचनायें प्राप्त/पूर्ण होने पर उपरोक्त उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस के प्रकरण प्राधिकृत बोर्ड (चयन समिति) द्वारा नियमानुसार शीघ्र विचार किया जायेगा एवं उपयुक्त पाये जाने की दशा में इन्हें अपने से कनिष्ठ के पदोन्नति की तिथि से समस्त सेवा का लाभ देय होगा।

3- सम्बन्धित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक से अनुरोध किया जा रहा है कि वे सम्बन्धित उपनिरीक्षक के सेवा अभिलेखों/सूचनायें पूर्ण कराकर अद्यावधिक चरित्रपंजिका एवं बोर्ड प्रपत्र-1 में पूर्ण सूचनायें पुलिस मुख्यालय को तत्काल उपलब्ध करायें, ताकि प्राधिकृत बोर्ड के समक्ष रखकर निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नति के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करायी जा सके।

4- आदेश की प्रति उ0प्र0 की वेबसाइट http://uppolice.gov.in पर प्रदशित की जा रही है।

(अखिलेश कुमार चौरसिया)
पुलिस उपमहानिरीक्षक, स्थापना
उत्तर प्रदेश।

**प्रतिलिपि:** निम्नलिखित को उपरोक्त के संदर्भ में कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

1- अध्यक्ष, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड को उपरोक्त के अनुक्रम में कृपया सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2- अपर पुलिस महानिदेशक, वाराणसी जोन वाराणसी।
3- पुलिस महानिरीक्षक, वाराणसी परिक्षेत्र वाराणसी।
4- पुलिस अधीक्षक, जौनपुर।
5- पुलिस अधीक्षक/सहायक निदेशक, उ0प्र0 पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र लखनऊ को इस अनुरोध के साथ की वे कृपया प्रश्नगत आदेश को उ0प्र0 पुलिस की वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करे।